Azadi Ka Amrit Mahotsav

कार्यालय प्राचार्य, शहीद श्री मुकुट बिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय, खानपुर, जिला–झालावाड़ (राज.)

E-mail: gckhanpur01@gmail.com, Mob. 9413185859

क्रमांक : रामखा / 2022–23 / 211 दिनांक : 14/09/2022

प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय, खानपुर में आज दिनांकः 14.09.2022 को **हिन्दी दिवस** का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि श्री नन्दलाल जी सुमन स्थानीय लेखक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य सुश्री उषा जैन ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालयी छात्र–छात्राओं द्वारा हिन्दी की वर्तमान दशा एवं प्रासंगिकता विषय पर पत्र वाचन एवं हिन्दी के महत्व विषय पर कविता पाठ प्रस्तुत किये गये। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा किरण कंवर नाथावत ने अपनी स्वरचित कविता द्वारा हिन्दी का गुणगान किया। मुख्य अतिथि ने हिन्दी के उद्भव, उसके समृद्ध साहित्य से विद्यार्थियों को परिचित कराते हुए कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति की रक्षक है। यदि हिन्दी बची रहेगी तो हमारी संस्कृति बची रहेगी। हमें हिन्दी भाषी होने का गौरव अनुभव करना चाहिए। महाविद्यालय प्राचार्य ने हिन्दी का महत्व बताते हुए सभी को हिन्दी में हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय के हिन्दी विषय के अतिथि संकाय सदस्य श्री संपतराज नागर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

संलग्न– कार्यक्रम फोटोग्राफ

उषा 14/09/2022

उषा जैन
प्राचार्य
श. श्री. मु. बि. मीणा राजकीय महाविद्यालय,
खानपुर (झालावाड)

दिनांक :

क्रमांक : रामखा / 2022–23 /

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान् संपादक महोदय, राजस्थान पत्रिका
2. श्रीमान् संपादक महोदय, दैनिक भास्कर
3. श्रीमान् संपादक महोदय, दैनिक नवज्योंति
4. श्रीमान् संपादक महोदय, दिव्या आधार

उषा जैन
प्राचार्य
श. श्री. मु. बि. मीणा राजकीय महाविद्यालय,
खानपुर (झालावाड)